एक नजर में

आज मेला मंच पर मांसपेशियों का मुकाबला

उज्जैन। नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन मुंबई के मार्गदर्शन में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन के विशेष सहयोग से कार्तिक मेला मंच पर 36 वीं मेयर ट्रॉफी वेस्टर्न जोनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आज 30 नवंबर को शाम 6 बजे से किया जा रहा है। मेयर ट्रॉफी आयोजन समिति की संयोजिका पूनम मोहित जायसवाल ने बताया कि गोवा, छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र, विदर्भ, गुजरात, मध्य प्रदेश के 250 से भी अधिक शरीर साधक कड़कड़ाती ठंड में संगीत की धुन पर थिरकते हुए मांसपेशियों की शानदार दावत खेल प्रेमियों को प्रदान करेंगे। चैंपियनशिप में 10 वजन समूह में 4 लाख से भी अधिक कैश प्राइज, आकर्षक स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे, चैंपियनशिप में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के शरीर साधक राष्ट्रभक्ति की धुन पर फिट इंडिया स्वस्थ भारत, स्वच्छता का मिशन का संदेश प्रदान करेंगे, स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ शरीर साधक को 65 हजार कैश प्राइज, वेस्टर्न झोनल चैंपियन का खिताब, मेयर ट्रॉफी के साथ प्रदान किया जाएगा। स्व. जगदीश नारंग की स्मृति में बेस्ट पोजर ट्रॉफी एवं 15 हजार नगद प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार स्व. चुन्नी पहलवान एवं कमल यादव काका की स्मृति में बेस्ट मस्कुलर मेन एवं स्व. गुरमुख दास थानी की स्मृति में मोस्ट इंप्रूव्ड बॉडी का खिताब नगद राशि के साथ वितरित किए जायेंगे। प्रेम सिंह यादव, जितेंद्र सिंह कुशवाह, शैलेंद्र व्यास ने बताया कि चैंपियनशिप की ऑब्जर्वर आईबीएस की एसोसिएट सेक्रेटरी सुहिरल सेठ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। निर्णायक पेनल के प्रमुख अतिन तिवारी एवं रोहित जेठवा रहेंगे। स्पर्धा के लिए आकर्षक मंच लाइट एंड साउंड के साथ निर्मित किया गया है। संपूर्ण कार्तिक मेला मंच और डोम को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में लिया गया है। समस्त खेल प्रेमियों को शानदार खेल की दावत एवं उत्तम स्वास्थ्य हेतु आयोजन समिति के सहसंयोजक कैलाश प्रजापत, पुरुषोत्तम मालवीय, हेमंत गहलोत, अर्पित दुबे, गजेंद्र हिरवे, पंकज चौधरी, अनिल गुप्ता, इमरान खान ने इस स्पर्धा का आनंद लेने के लिए अपील की है।

लॉन्च किया चिक क्विक क्रेम हेयर कलर

उज्जैन। गुणवत्ता के प्रति जागरूक और किफायती विकल्प चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए तैयार किया गया यह उत्पाद सिर्फ 10 मिनट में आसान और बेहतर हेयर कलरिंग अनुभव देता है। वह भी मात्र 10 में। यह तीन लोकप्रिय शेड्स नेचुरल ब्लैक, नेचुरल ब्राउन और बरगंडी में उपलब्ध है। यह सिंगल-यूज़ सैशे में आता है और राज्य भर के जनरल ट्रेड दुकान पर आसानी से मिलेगा। टीवी की मशहूर हस्ती श्वेता तिवारी को ब्रांड एंबेसडर लेकर, चिक ने एक व्यापक 360 ए मार्केटिंग कैंपेन भी शुरू किया है। जिसमें प्रिंट, डिजिटल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शामिल हैं। केविनकेयर का चिक ब्रांड, रतलाम के बाजार में हेयर कलर कैटेगरी में एक क्रांतिकारी उत्पाद चिक क्विक क्रेम हेयर कलर लेकर आया है। इस घोषणा के साथ चिक ने क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में अपनी एंट्री दर्ज की है। यह उत्पाद एक अनोखे 10-मिनट के फास्ट एक्शन फॉर्मूले से लैस है, जो क्रेम हेयर कलरिंग को और आसान व समय-बचाने वाला बनाता है। इसमें आंवला और भृंगराज जैसे प्राकृतिक तत्वों की अच्छाई शामिल है, जिससे यह गहरे, नैचुरल दिखने वाले रंग का अनुभव देता है। यह लॉन्च चिक के उस मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसमें हर घर तक इनोवेटिव और आसान हेयर कलरिंग सॉल्यूशंस पहुंचाना शामिल है। ब्रांड ने श्वेता तिवारी को ब्रांड एंबेसडर बनाया है और राज्य में एक व्यापक मार्केटिंग कैंपेन शुरू किया है।

निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरे मजदूर की हुई मौत

उज्जैन। एटलस चौराहा के पास नगरची बाखल में निर्माणाधीन बिल्डिंग से शुक्रवार दोपहर को मजदूर गिरकर घायल हो गया था। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। रात में मजदूर की मौत हो गई। खाराकुंआ थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर 2 बजे के लगभग सूचना मिली थी कि नगरची बाखल स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग से अब्दुल रहमान पिता रमजानी खान 40 गिरने पर घायल हुआ है। उसे चरक अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस चरक अस्पताल पहुंचती पता चला कि परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर गये हैं। घटनास्थल की जानकारी लेने पर बाबू भाई की मल्टी होना पता चला। घायल अब्दुल की हालत ठीक नहीं थी, जिसके चलते सुधार का इंतजार किया जा रहा था, लेकिन रात में खबर मिली कि अब्दुल की मौत हो गई है। शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष लाया गया। मर्ग कायम किया गया है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौपा गया। परिजनों और बिल्डिंग में काम करने वाले मजदूरों के बयान दर्ज किये जाएंगे।

अनैतिक कार्य करने वाला गिरफ्तार

उज्जैन। 24 नवंबर को पीड़िता द्वारा थाना भाटपचलाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी विनोद पिता गौरीशंकर गिरवाल, निवासी ग्राम सजनगढ़ थाना बिलपांक ने घर में अकेली पाकर उसे डरा-धमकाकर जबरन दुष्कर्म किया तथा बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। उक्त रिपोर्ट पर से थाना भाटपचलाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर सूचना एवं निगरानी के आधार पर आरोपी की लोकेशन गुजरात राज्य के सूरत क्षेत्र में मिली। तत्पश्चात थाना भाटपचलाना पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर दबिश दी गई तथा आरोपी को सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी भाटपचलाना सतेन्द्र सिंह चौधरी सहित टीम के प्रधान आरक्षक राकेश मालवीय, आरक्षक हितेश निम्बोला, आरक्षक विजय जाट, आरक्षक सुन्दरलाल भवर, आरक्षक मुकेश नागर, महिला आरक्षक मोनिका राव, सीमा सिंगाड़ तथा सैनिक अजयपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पं. सुरेन्द्र चतुर्वेदी दिल्ली और मथुरा जाएंगे

उज्जैन। पं. चतुर्वेदी दिल्ली एवं मथुरा में ब्राह्मण संवाद एवं गीता जयंती समारोह में शामिल होंगे। संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी 30 नवंबर को नई दिल्ली एनसीआर में संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति नई दिल्ली के प्रमुख पदाधिकारी के साथ संवाद कर समन्वय समिति को विस्तार रूप देने के लिए चर्चा करेंगे तथा 1 दिसंबर को दिल्ली से रवाना होकर तीर्थ नगरी कृष्ण जन्मभूमि मथुरा में अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ द्वारा आयोजित गीता जयंती समारोह में शामिल होंगे।

श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों की बैठक आज

उज्जैन। श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक एवं श्री सिंथेटिक्स क्रेडिट को-आपरेटिव के संचालक प्रकाश सोलंकी अनुसार श्री सिंथेटिक्स श्रमिकों की 6 माह की बेरोजगारी भत्ता किश्त वर्ष 2010 से बाकी है। सोलंकी के अनुसार जो भी कारखाना बंद हो जाता है उसके श्रमिकों को राजीव गांधी श्रमिक कल्याण योजना के तहत बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है जिसकी किश्ते बकाया होने से मप्र उच्च न्यायालय में कर्मचारी कांग्रेस द्वारा याचिका प्रस्तुत की गई। जिसमें 25 नवंबर को सुनवाई हुई तथा एक सप्ताह पश्चात अगली सुनवाई होगी। इस संबंध में रूपरेखा बनाने हेतु कर्मचारी कांग्रेस की बैठक आज 30 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन पर आयोजित की जा रही है। बैठक को सफल बनाने की अपील रामचन्द्र चौधरी, शिवाजी राव शिंदे, अमरसिंह गेहलोत, मुकुटबिहारी, शीतलप्रसाद राठौर, अशोक राव, रंजीत बोड़ाना ने समस्त श्रमिकों से की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिखाया चाय का जायका, साथ ही सिंहस्थ की तैयारियों का लिया जायजा

घाट स्थल पर देखा निर्माण कार्य का पर्चा, यात्रियों से की चाय पर चर्चा-एसआईआर अभियान की बैठक लेकर मतदाताओं को किया प्रेरित

उज्जैन। धार्मिक राजधानी अवंतिका नगरी की जनता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अपने बीच पाकर रोमांचित हो उठी। मुख्यमंत्री ने न सिर्फ विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। बल्कि चाय बनाकर जायका भी यात्रियों के साथ साझा किया। सादगी और सरलता के साथ मधुर व्यवहार कर मुख्यमंत्री ने शनिवार को आम जनता का नानाखेड़ा बस स्टैंड पर दिल जीत लिया।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को उज्जैन प्रवास के दौरान विकास और जन-संवाद के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम किए। उन्होंने आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 के मद्देनजर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें 29 किलोमीटर नवीन घाटों का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने यात्रियों के साथ चर्चा की वही बच्चों से भी दुलार किया और एक चाय की टपरी में जाकर उन्होंने चाय बनाई और दुकानदार को गले लगा लिया।

सीएम ने शनिवार को इसके अलावा, नानाखेड़ा स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय बस स्टैंड का दौरा कर इसकी महत्ता और यात्रियों को मिल रही सुविधाओं पर चर्चा की और इस दौरान अपने सादगीपूर्ण अंदाज़ में खुद चाय बनाकर आम नागरिकों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह बस स्टैंड पिछले सिंहस्थ महापर्व में यात्रियों को सुलभता प्रदान करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ था। इसकी व्यापक कनेक्टिविटी के कारण देश भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को परिवहन में बड़ी सुविधा मिली थी। उन्होंने कहा कि आगामी सिंहस्थ-2028 में भी यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस बस स्टैंड का और अधिक विस्तार किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं के लिए आवागमन और भी सुगम हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के तहत चल रहे 29 किलोमीटर के नवीन घाटों के निर्माण स्थल का भी दौरा किया। सीएम ने कहा यह परियोजना सिंहस्थ के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। इस दौरान कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से लेकर सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नवीन घाटों के निर्माण में गुणवत्ता मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर ही पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने रेखांकित किया कि ये नवीन घाट करोड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक स्नान के लिए विशाल स्थान उपलब्ध कराएंगे। नए और विस्तारित घाटों के निर्माण से भीड़ का सही प्रबंधन हो सकेगा और श्रद्धालुओं को बेहतर धार्मिक अनुभव मिलेगा।

1992 में बना था नानाखेड़ा बस स्टैंड

मुख्यमंत्री ने कहा नानाखेड़ा स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय बस स्टैंड का गहन निरीक्षण किया। यह बस स्टैंड वर्ष 1992 में निर्मित हुआ था और यह उज्जैन का एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र है, जहां से अंतरराज्यीय बसें और राज्य के विभिन्न शहरों के लिए बसें संचालित होती हैं। बीते सिंहस्थ 2016 में भी इसका लाभ जनता को मिला था और आगामी सिंहस्थ 2028 में भी यह उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री ने बस स्टैंड पर यात्रियों, ऑटो-रिक्शा संचालकों और स्थानीय दुकानदारों से मुलाकात की और सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं और परिवहन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उपायों पर राय ली। मुख्यमंत्री ने यहां एक चाय की दुकान पर पहुंचकर स्वयं चाय बनाई और नागरिकों से चाय पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को मिल रही सुविधाओं पर फीडबैक लिया।

एसआईआर कार्य में सहभगिता

विकास कार्यों और जन-संवाद के साथ ही मुख्यमंत्री ने मतदाता जागरूकता के महत्वपूर्ण कार्य पर भी ध्यान केंद्रित किया। वे उज्जैन दक्षिण विधानसभा के बूथ क्रमांक 165 के मतदाताओं से राजनंदिनी परिसर में मिले और वहां विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पर एक महत्वपूर्ण बैठक ली। मुख्यमंत्री ने उपस्थित मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आग्रह किया कि वे 2003 की मतदाता सूची से संबंधित जानकारी बीएलओ के माध्यम से प्राप्त कर गणना पत्रक भरकर शीघ्र वापस करें। ताकि यह महत्वपूर्ण कार्य शीघ्रता और सटीकता से पूर्ण हो सके। उन्होंने नागरिकों को एसआईआर कार्य में अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रवास के दौरान प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण उपस्थित थे।

फर्जी क्लीनिक की कथित महिला डॉक्टर जांसापुरा से गिरफ्तार

उपचार के दौरान दो नवजात की मौत के मामले में थी पुलिस को तलाश

उज्जैन। फर्जी क्लीनिक संचालित कर दो नवजात की मौत के मामले में फरार कथित महिला डाक्टर को कई दिनों की तलाश के बाद शनिवार को पंवासा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरार महिला डॉक्टर को जांसापुरा पकड़ा गया है।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि पांड्याखेड़ी निवासी कथित डाक्टर तैय्यबा शेख के खिलाफ दो नवजातों की मौत के मामले में केस दर्ज किए गए थे। एक मामले में 26 सितंबर को केस दर्ज हुआ था। जबकि दूसरे मामले में 6 अक्टूबर को एफआइआर दर्ज की गई थी। पुलिस तैय्यबा की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार को पंवासा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तैय्यबा जांसापुरा में है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जहां वह दोपहिया वाहन से कहीं जा रही थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

सीएमएचओ के पास पहुंची थी शिकायत

लखन पिता राधेश्याम मालवीय निवासी चिंतामन जवासिया ने 6 अक्टूबर को सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल को शिकायत की थी कि उसकी पत्नी काजल गर्भवती थी। उपचार के लिए वह उसे जीवाजीगंज अस्पताल ले गए थे। जहां मौजूद आशा कार्यकर्ता व दाई ने उन्हें पांड्याखेड़ी में डॉ. तैय्यबा शेख के आशीर्वाद अस्पताल ले जाने को कहा था। जहां गलत उपचार के बाद काजल को निजी अस्पताल ले जाया गया था जहां नॉर्मल डिलीवरी हुई थी लेकिन नवजात की मौत हो चुकी थी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्रसिंह राजपूत, माधव नगर अस्पताल प्रभारी डॉ. विक्रम रघुवंशी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार सोमेश की टीम विशेष अस्पताल जांच की थी। सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल के जांच प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस ने डॉ. तैय्यबा शेख के खिलाफ केस दर्ज किया था।

मार्च में भी हुई थी नवजात की मौत

अक्टूबर माह से पहले मार्च में अशोक मालवीय निवासी ग्राम दत्तोतर मंडी देवास की भांजी माला गर्भवती थी। उसे डिलेवरी के लिए डॉ. तैय्यबा शेख के पांड्याखेड़ी क्लीनिक पर 9 मार्च को परिचित नर्स एकता के कहने पर लेकर गए थे। यहां जांच के बाद डॉ. शेख ने दोनों को कहा कि वह माला की सामान्य प्रसूति क्लीनिक पर ही कर देगी। लेकिन गलत उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर चरक अस्पताल भेज दिया था जहां डिलीवरी के बाद नवजात की मौत होना सामने आया था। स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद पुलिस ने कथित डॉक्टर तैयबा शेख के साथ महिला नर्स के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। नर्स को अग्रिम जमानत मिल गई थी कथित डॉक्टर फरार चल रही थी। विदित हो कि पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी को लेकर अनेक जगहों पर दबिश भी दी थी।

काल भैरव मंदिर के पास युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

उज्जैन। आगररोड पर रहने वाले युवक ने काल भैरव मंदिर के पास जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे कुछ लोगों ने रात में चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि रात में चरक अस्पताल के ड्यूटी कम्पाउंडर ने सूचना देकर बताया कि काल भैरव मंदिर के पास से बंटी पिता लाड़सिंह चौहान 25 वर्ष निवासी पटेल कालोनी को मृत अवस्था में लाया गया है। मृतक बंटी ने जहरीला पदार्थ खाया है। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख गया है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि मृतक गैरेज पर काम करता था, उसकी शादी हो चुकी थी लेकिन पत्नी छोड़कर चली गई थी। वही भाई कुलदीप ने बताया कि रवि की पत्नी के जाने के बाद उसका प्रेम प्रसंग क्षेत्र की ही एक महिला के साथ हो गया था जिसके चलते वह कुछ नहीं बताता था। उसने जहरीला पदार्थ खाने के बाद फोन पर जानकारी दी थी। दोस्तों के साथ पहुंचकर उसे अस्पताल लाया गया था। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है जांच और बयानों के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौपा गया है।

देर रात तक खूब जमा स्थानीय कवि सम्मेलन

उज्जैन। नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित कार्तिक मेले में कविवर जीवन लाल उपाध्याय स्मृति में शुक्रवार को आयोजित स्थानीय कवि सम्मेलन में कवियों ने देर रात तक खूब रंग जमाया। उक्त जानकारी देते हुए कवि सम्मेलन समिति के संयोजक पंकज चौधरी ने बताया कि कवि सम्मेलन में वे पल कवियों के लिए आनंद के क्षण थे। जब महापौर ने घोषणा की कि स्थानीय कवि सम्मेलन में विशिष्ट सम्मान से सम्मानित होने वाले कवि को अगले वर्ष होने वाले कार्तिक मेले में 11 हजार रुपए की राशि पुरस्कार में दी जाएगी। मंच पर उपस्थित कवियों द्वारा करतल ध्वनि से इस घोषणा का स्वागत किया गया। कवि सम्मेलन में कोमल वाधवानी प्रेरणा एवं आशागंगा शिरढोणकर को उनकी सुदीर्घ साहित्यिक सेवाओं के लिए निगम द्वारा स्मृति चिन्ह, अभिनंदन पत्र एवं शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, पार्षद दिलीप परमार, जोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, महामंत्री जगदीश पांचाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ. स्वामीनाथ पांडेय ने की एवं मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि कमल चौधरी थे7 अभिनंदन पत्र का वाचन राजेंद्र देवधरे दर्पण एवं अरविंद उपाध्याय ने किया। इस अवसर जगदीश पांचाल, दिलीप परमार, प्रकाश शर्मा, नवीन तिवारी, जसवंत चौधरी, भगवान सिंह राणा, मिलिंद जायसवाल, नरेंद्र चौधरी, रामा गुरु सुभाष सोनी, अरुण सोनी वंदना जैन एवं शैलेन्द्र मेहता का शाल-श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह से समिति संयोजक पंकज चौधरी द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आशीष श्रीवास्तव अश्क ने सरस्वती वंदना की। वरिष्ठ कवि यशपाल भारद्वाज को समर्पित इस कवि सम्मेलन में संतोष सुपेकर, सुभाष मंगल, हाकम पांचाल अनुज, वीएस गहलोत, विजय गोपी, शुभम शर्मा, कमल पटेल, हर्ष सैनी, दीपक शर्मा दीप, हरदीप दयाले, सुरेंद्र सत्संगी, रामा गुरु, दुलीचंद प्रजापति, राजेश दीपक, शमशाद खान, बृजमोहन ब्रज, धन सिंह चौहान, टिंकू निगम, उमर खान, सुरभि उपाध्याय, विनीता जैन आदि ने कविता पाठ किया। संचालन वरिष्ठ कवि नृसिंह ईनानी ने किया एवं आभार राजेंद्र देवधरे दर्पण ने माना।

माधवनगर थाने में दो महिलाओं के बीच चले थप्पड़-मुक्के

एक दूसरे के पतियों पर लगाए आरोप, पुलिस ने किया बाउंड ओवर

उज्जैन। माधव नगर थाने में शनिवार दोपहर को दो महिलाओं के बीच थप्पड़ मुक्के चल गए। महिला पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव किया लेकिन महिलाएं एक दूसरे के पति पर आरोप प्रत्यारोप लगती रहे। काफी देर चले हंगामा को लेकर पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ बाउंड ओवर की कार्रवाई की है।

बिजली विभाग में काम करने वाला हेमर नागर की शादी प्रिया नागर से 2009 में हुई थी। मनीष पांचाल और संगीता पांचाल की लव मैरिज 2007 में हुई थी। शनिवार को माधवनगर थाना पहुंचे हेमर नागर ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई की उसकी पत्नी प्रिया और मनीष के बीच संबंध है। इसी बीच प्रिया ने आरोप लगाया कि उसके पति के संबंध मनीष की पत्नी संगीता से है। दोनों पति-पत्नी एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे थे। इस दौरान मनीष की पत्नी संगीता पांचाल भी थाने पहुंच गई। संगीता ने आरोप लगाया कि प्रिया ने उसके पति मनीष को अपने जाल में फंसा रखा है। दोनों महिलाएं आरोप प्रत्यारोप करते हुए एक दूसरे से थाने में ही भिड़ गई। दोनों के बीच थप्पड़-मुक्के चलना शुरू हो गए। महिला पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव किया लेकिन दोनों विवाद करने पर उतारू थी। थाना परिसर में दो महिलाओं के बीच हुए विवाद के बाद थाना प्रभारी राकेश भारती ने दोनों के खिलाफ बाउंड ओवर की कार्रवाई करते हुए हिदायत दी की अगर आगे विवाद किया तो दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानूनी कार्रवाई होने की हिदायत मिलने पर दोनों महिलाएं थाने से चली गई।

मनीष मेरा भाई-प्रिया

विवाद के दौरान मीडिया भी मौके पर पहुंच गई थी इस दौरान प्रिया ने कहा कि मनीष मेरे भाई जैसा है मैं उसे सबके सामने राखी बांधने को तैयार हूं। पति की वजह से अपने पिता के घर पर रह रही हूं। वहीं संगीता पांचाल का कहना था कि प्रिया और मेरे पति मनीष पांचाल के बीच अवैध संबंध हैं। मेरे पति 2019 में मुझे छोड़कर भाग गए, उसके बाद से आज तक मुझे टॉर्चर कर रहा है। मैंने हमेशा समझौता किया। कपड़ों की तरह लड़कियां बदलता है।

व्यवस्था में बदलाव समिति देशभर से उमड़ने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को सुलभ दर्शन कराने की तैयारी कर रही

25 दिसंबर से 5 जनवरी तक महाकाल भस्मारती की ऑनलाइन बुकिंग ब्लॉक

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर में दिसंबर में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रहने वाली है। क्योंकि दिसंबर में छुट्टियां होती है। इन दिनों में अधिक संख्या में श्रद्धालु ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन आते हैं। वहीं भस्मारती में भी अधिक भीड़ होती है क्योंकि हर कोई श्रद्धालु बाबा महाकाल की भस्मारती में शामिल होकर दर्शन करने का इच्छुक रहता है। इसको ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंध समिति ने दिसंबर एंड में 25 दिसंबर से नए साल में 5 जनवरी तक भस्मारती की ऑनलाइन बुकिंग को बंद रखने का निर्णय लिया है। साथ ही ऑफलाइन बुकिंग भी नहीं की जाएगी। क्योंकि समिति का मानना है कि लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ में भस्मारती की अनुमति देना संभव नहीं होगा। इस दौरान केवल चलित दर्शन का ही विकल्प रहेगा। चलित दर्शन भस्मारती में कराए जाएंगे। ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु बाबा महाकाल की भस्मारती में दर्शन लाभ ले सके। मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने कहा कि दिसंबर में भीड़ को देखते हुए समिति सुलभ दर्शन आदि के उचित इंतजाम करने जा रही है। इसके चलते भस्मारती में चलित दर्शन कराने की व्यवस्था करेंगे। विदित हो कि बाबा महाकाल की ख्याति देश विदेश में भस्मारती को लेकर भी है। क्योंकि यहां पर सिर्फ भस्मारती होती है और इसके दर्शन के लिए लोग दूरदराज से आते हैं। वहीं अनेक श्रद्धालु तो भस्मारती को लेकर इतने ललायित रहते हैं कि उसके लिए काफी दिन पहले आकर यहां पर रहते हैं और सिर्फ भस्मारती के दर्शन मिल जाए यही कामना करते हैं।

कई दिनों पहले करा लेते हैं बुकिंग श्रद्धालु

महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु कई दिनों पहले से ही भस्मारती की ऑनलाइन बुकिंग मंदिर समिति की वेबसाइट पर कर लेते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए समिति ने अभी से दिसंबर में 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक ऑनलाइन बुकिंग ब्लॉक कर रखी है। ताकि इन तारीखों में कोई श्रद्धालु बुकिंग न कर सके। श्रद्धालुओं में साल के अंत व शुरुआत के दिनों में बाबा महाकाल के दर्शन करने का क्रेज है। इसलिए लाखों लोग यहां पहुंचते हैं। लोग साल के अंत में बाबा महाकाल के दरबार में आकर दर्शन करते हैं। वहीं नए साल की शुरुआत में भी लोग बाबा का आशीर्वाद लेकर ही कामकाज की शुरुआत करते हैं। इसलिए इन दिनों में सर्वाधिक भीड़ रहती है।

ऑपरेशन मुस्कान : नाबालिग को किया दस्तयाब

उज्जैन। थाना तराना पर 15 अप्रैल 2023 को एक फरियादी ने अपनी नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर से थाना तराना में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा लगातार सायबर सेल एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से अपहृता की तलाश जारी रखी गई। सतत प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को उज्जैन से सुरक्षित दस्तयाब किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रामनारायण सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक प्रतीक यादव, उपनिरीक्षक हरिरा अंगोरिया, आरक्षक आनंद, रवीना पाटीदार, राखी सेन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।